जयपुर
महानगर टाइम्स
epaper.mahanagartimes.com
13 Jan 2026 - Page 3

मकर संक्रांति पर विशेष बीमारी से ग्रसित बच्चों संग बांटी खुशियां

महानगर टाइम्स संवाददाता

जयपुर। मुकुल माधव फाउंडेशन सीएसआर पार्टनर फिनोलेक्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड के सहयोग से मकर संक्रांति पर विशेष बीमारी से ग्रसित बच्चों के साथ पतंग एवं मांजा वितरण कर उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर शहर स्थित मोदी धर्मशाला में पतंग व मांजा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एसएमएस हॉस्पिटल से विशेष एवं गंभीर बीमारियों से ग्रसित बच्चों को आमंत्रित किया गया, ताकि वे भी मकर संक्रांति की खुशियों में सहभागी बन सकें और अपने उपचार की कठिन दिनचर्या से कुछ समय के लिए बाहर आकर उत्सव का आनंद ले सकें। आयोजन में कुल 20 बच्चों ने भाग लिया, जिनके साथ उनके अभिभावक भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। पतंग, मांजा पाकर बच्चों के चेहरों पर मुस्कान और उल्लास साफ झलक रहा था, जिससे पूरा वातावरण आनंदमय हो गया। इस अवसर पर मुकुल माधव फाउंडेशन के सीएसआर एग्जीक्यूटिव दयाराम स्वामी ने कहा कि मकर संक्रांति बच्चों का सबसे प्रिय त्योहार होता है और वे इसका पूरे वर्ष इंतजार करते हैं। इसी भावना को ध्यान में रखते हुए एसएमएस हॉस्पिटल में उपचाररत विशेष बीमारी से ग्रसित बच्चों को इस कार्यक्रम में शामिल किया गया, ताकि वे खुशी, अपनापन और उत्साह का अनुभव कर सकें। कार्यक्रम में सीएससी टीम से गौरव, मोना, विक्रम, माया आदि मौजूद रहे।